आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 23.10.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज नई दिल्ली में नौसेना कमांडरों के अर्धवार्षिक सम्मेलन को संबोधित करेंगे।
- स्वास्थ्य मंत्रालय ने निगरानी, अस्पताल पूर्व देखभाल और रासायनिक आपात स्थितियों में चिकित्सा प्रबंधन पर तीन मॉडयूल जारी किए हैं।
- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी मध्यवर्ती दिशानिर्देश और आईटी नियम 2021 में संशोधन किया है।
- 69वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय स्कूल तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए आइलैंड स्कूल तीरंदाजी टीम का चयन ट्रायल 25 अक्तूबर को आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज नई दिल्ली में नौसेना कमांडरों के अर्धवार्षिक सम्मेलन को संबोधित करेंगे। संबोधन के दौरान वे व्यापक राष्ट्रीय हितों और विकसित भारत–2047 का परिदृश्य प्रस्तुत करेंगे। तीन दिन का यह सम्मेलन कल शुरू हुआ। ऑपरेशन सिंदूर के बाद नौसेना के भावी अभियानों और तैयारियों के बीच इसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नौसेना प्रमुख, वरिष्ठ कमांडरों के साथ भारतीय समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति से संबंधित योजनाओं की समीक्षा और आकलन करेंगे।

<><><><><><><>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर तीनों सेनाओं के बीच असाधारण तालमेल और एकजुटता का साक्षी बना है। यह बदलती विश्व व्यवस्था और युद्ध के नए तरीकों की चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वित रणनीति तैयार करने के सरकार के संकल्प की भी पुष्टि करता है। रक्षा मंत्री कल नई दिल्ली में सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला की पुस्तक 'सिविल–मिलिट्री फ्यूजन एज़ अ मेट्रिक ऑफ़ नेशनल पावर एंड कॉम्प्रिहेंसिव सिक्योरिटी' के विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य मंत्रालय ने निगरानी, अस्पताल पूर्व देखभाल और रासायनिक आपात स्थितियों में चिकित्सा प्रबंधन पर तीन मॉडयूल जारी किए हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कल मॉड्यूल

जारी किये। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि ये मॉडयूल राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से विकसित किए गए हैं। इनका उद्देश्य रासायनिक आपात घटनाओं के दौरान समय से और प्रभावी प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों और कर्मियों को आवश्यक जानकारी और कौशल से लैस करना है।

<><><><><><><>

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उत्सव की घोषणा की थी और यह 22 सितंबर से शुरू हुआ था। ए सी सी आई के अध्यक्ष ने बताया कि जी एस टी पंजीकरण, प्रक्रिया को आसान बनाने से लोगों को लाभ मिल रहा है।

<><><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता नियम – आईटी नियम 2021 में संशोधन किया है। इसके लिए सूचना प्रौद्योगिकी मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता संशोधन नियम 2025 अधिसूचित किए गए हैं। इस नियम के अंतर्गत मध्यस्थों को अदालती आदेश या सरकार की उपयुक्त अधिसूचना के माध्यम से वास्तविक जानकारी प्राप्त होने पर गैरकानूनी जानकारी को हटाना आवश्यक है। संशोधित नियम पहली नवम्बर से लागू होंगे। मंत्रालय ने डीपफेक के संबंध में सूचना प्रौद्योगिकी मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता नियम, 2021 में संशोधन के मसौदे पर हितधारकों से प्रतिक्रिया और टिप्पणियां भी आमंत्रित की हैं।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय की ओर से अंडर–17 लड़के और लड़कियों के लिए आइलैंड स्कूल तीरंदाजी टीम के अंतिम चयन के लिए ट्रायल आयोजित किया जाएगा। चयन ट्रायल 27 अक्टूबर को नेताजी स्टेडियम में दोपहर 3 बजे से रखा गया है। इस ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों को नवंबर माह के तीसरे सप्ताह में रांची, में आयोजित होने वाली 69वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय स्कूल तीरंदाजी चैंपियनशिप में भाग लेने का अवसर मिलेगा। कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थी, जिनका जन्म 1 जनवरी 2009 को या उसके बाद हुआ है, उनसे चयन ट्रायल में उचित किट और मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><><>

आकाशवाणी श्री विजयपुरम में हिन्दी कैजुअल असाइनीज़ का पैनल तैयार किया जा रहा है। इस सिलसिले में आयोजित स्वर परीक्षा के परिणाम सूचना पट्ट पर दर्शा दिए गए है। चयनित उम्मीदवारों का साक्षात्कार पच्चीस अक्टूबर को सुबह दस बजे से आकाशवाणी श्री विजयपुरम में रखा गया है। स्वर परीक्षा में सफल उम्मीदवारों से निर्धारित समय पर अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड 25 अक्टूबर को सुबह 10 बजे कालीकट ग्राम पंचायत परिसर में निर्माण श्रमिकों के लिए एक जागरूकता–सह–पंजीकरण शिविर का आयोजन करेगा। इस शिविर के दौरान योजना के अंतर्गत श्रमिकों का पंजीकरण किया जाएगा। कालीकट और उसके आसपास के सभी निर्माण श्रमिकों को इसमें भाग लेने और इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में 'नशा मुक्त भारत, खुशहाल भारत' अभियान के अंतर्गत मादक पदार्थों के सेवन पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को शराब और नशीली दवाओं के सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना था। इस अवसर पर वक्ताओं ने एन ए पी डी डी आर और 'नशा मुक्त भारत अभियान' के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम में सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर बल दिया।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

द डेली टेलीग्राम्स ने मुख्य सचिव द्वारा कालीकट में अन्नापूर्णा गौशाला के उद्घाटन के समाचार को अपने अखबार में प्रकाशित किया है। द्वीप समाचार ने आव्रजन और विदेशी अधिनियम दो हजार पच्चीस के प्रावधानों के लागू होने की तिथि निर्धारित करने के समाचार को प्रमुखता दी है। कार निकोबार में इंटरनेट सेवा के फिर से बहाल होने के समाचार को द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी में जगह मिली है। द इको ऑफ इंडिया ने सांसद के आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों के रेफरल और प्रतिपूर्ति के दिशानिर्देशों की समीक्षा का आग्रह करने, जबकि इंफो इंडिया ने पीएचसी गाराचरमा में राष्ट्रीय आयोडीन विकार अल्पता नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है।